# बिहार सरकार
## पथ निर्माण विभाग

।। अधिसूचना।।

अधि० सं० :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4241(S) पटना, दिनांक 19.6.26

भारतीय संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल एतद् द्वारा बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती नियमावली, 2019 (समय–समय पर यथासंशोधित) में संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

1. सक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ।–(1) यह नियमावली "**बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती (संशोधन) नियमावली, 2026**" कही जा सकेगी।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगा।

2. **बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती नियमावली, 2019 के नियम–8 का संशोधन**।– उक्त नियमावली के नियम–8 के उप नियम–5 (iii) के उपरान्त उप नियम–5 (iv) एवं (v) निम्नवत् जोड़ा जायेगा–

"8(5)(iv) किसी संविदा नियोजित सहायक अभियंता के, संविदा नियोजन के फलस्वरूप अंकों की अधिमानता का लाभ देते हुए, किसी एक कार्य विभाग के अभियंत्रण संवर्ग के सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा चयनित/अनुशंसित होने पर भविष्य में उन्हें सहायक अभियंता संवर्ग में नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया में संविदा नियोजन के आधार पर अंकों की अधिमानता का लाभ अनुमान्य नहीं होगा। आयोग द्वारा अधिमानता अंक का लाभ दिये बिना ऐसे अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व विचारणीय होगा।

(v) खंड–(iv) का निर्णय पूर्व में प्रकाशित ऐसे विज्ञापनों पर भी प्रभावी होगा, जिनकी चयन प्रक्रिया सम्प्रति प्रक्रियाधीन है।"

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना,दिनांक 19.6.26

प्रतिलिपि– महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना / वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

P.T.O

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना, दिनांक 19.6.26
प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, ई०–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को दो हार्ड कॉपी एवं सी०डी० के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित (द्वारा आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना)।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना, दिनांक 19.6.26
प्रतिलिपि– सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना / अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / अपर सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग / निदेशक, प्रशिक्षण, परीक्षण एवं शोध संस्थान, पटना / लोकायुक्त के सचिव, बिहार, पटना / मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना, दिनांक 19.6.26
प्रतिलिपि – मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना, दिनांक 19/6/26
प्रतिलिपि – माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग के आप्त सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक :–प्र०2 / स्था०–नियुक्ति–01–01 / 2018 4242(S) पटना, दिनांक 19/6/26
प्रतिलिपि – अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर प्रचारित करने हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव।